# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 22.03.2026** **समय : 1905**

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में निर्वाचित सरकार का सबसे अधिक समय तक नेतृत्व करने वाले शासनाध्यक्ष बनकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।
2. विश्व जल दिवस के अवसर पर, प्रधानमंत्री ने नागरिकों से पानी के संरक्षण और उसके जिम्मेदार उपयोग को सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।
3. आई सी डी एस परियोजना, फरारगंज कार्यालय की ओर से पुरुषों की भागीदारी और गर्भावस्था के पहले एक हजार दिनों की पहल पर विभिन्न गतिविधियों के आयोजन किए जा रहे है।
4. श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने सभी बकाया का भुगतान 31 मार्च तक करने को कहा है।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में किसी निर्वाचित सरकार का सबसे अधिक समय तक नेतृत्व करने वाले शासनाध्यक्ष बन गए हैं। श्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री के तौर पर संयुक्त रूप से आठ हजार नौ सौ इक्कतीस दिन का कार्यकाल पूरा कर लिया है। अपने लंबे राजनीतिक करिअर में, श्री मोदी के नाम कई अन्य रिकार्ड भी हैं। इनमें सबसे अधिक समय तक गुजरात का मुख्यमंत्री होना और प्रधानमंत्री बनने से पहले सबसे अधिक समय तक मुख्यमंत्री होने का रिकार्ड शामिल है। श्री मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं जिनका जन्म स्वतंत्रता के बाद हुआ है और जिन्होंने लगातार तीन बार लोकसभा चुनाव जीते हैं। श्री मोदी दो हजार एक में पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री बने थे और तेरह वर्ष तक मुख्यमंत्री रहने के बाद दो हजार चौदह में देश के चौदहवें प्रधानमंत्री बने। वे लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने वाले पहले गैर–कांग्रेसी प्रधानमंत्री भी हैं। यूट्यूब चैनल पर श्री मोदी के तीन करोड़ से अधिक सदस्य हैं और वे सबसे अधिक फॉलोअर वाली राजनीतिक हस्तियों में शामिल हैं। इस वर्ष फरवरी में सोशल मीडिया साइट इंस्टाग्राम पर श्री मोदी के फॉलोआर की संख्या दस करोड़ से अधिक हो गई है जो दुनिया के किसी भी सेवारत राजनेता से अधिक है। एक अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर श्री मोदी के फॉलोआर की संख्या भी दस करोड़ साठ लाख से अधिक है।

<><><><><><>

विश्व जल दिवस के अवसर पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से पानी की हर बूंद के संरक्षण और उसके जिम्मेदार उपयोग को सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने का आह्वान किया है। श्री मोदी ने कहा कि पानी जीवन का आधार है और पृथ्वी के भविष्य को आकार देता है। प्रधानमंत्री ने सतत विकास में लगे हुए, जागरूकता फैलाने और जल संरक्षण की संस्कृति को बढ़ावा देने वाले लोगों की सराहना भी की।

<><><><><><>

सरकार ने बजट 2025–26 के अनुरूप सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के विनिर्माताओं और निर्यातकों को बढ़ावा देने के लिए पारस्परिक ऋण गारंटी योजना में बड़े बदलाव किए हैं। पारस्परिक ऋण गारंटी योजना के तहत पात्र सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों मशीनरी, उपकरण खरीदने हेतु सौ करोड़ तक के सावधि ऋण पर साठ प्रतिशत गारंटी कवरेज प्रदान किया जाता है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि संशोधनों से य़ोजना का विस्तार होगा, अनुपालन बोझ कम होगा और निर्यातक एम एस एम ई को प्रोत्साहन मिलेगा। संशोधित योजना में चौथे वर्ष बाद किस्तों में पांच प्रतिशत अग्रिम अंशदान वापसी की जा सकती है। संतोषजनक ऋण प्रदर्शन पर चौथे वर्ष से हर साल इसका एक प्रतिशत वापस किया जा सकेगा। पात्रता मानदंड को विस्तारित कर सेवा क्षेत्र के एम एस एम ई को भी इसमें शामिल किया गया है। मशीनरी और उपकरणों के लिए न्यूनतम परियोजना लागत की आवश्यकता पहले के पचहत्तर प्रतिशत से घटाकर साठ प्रतिशत कर दी गई है। मंत्रालय के अनुसार, एम एस एम ई के पारस्परिक ऋण गारंटी योजना संशोधनों से निर्यातक एम एस एम ई सहित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए संयंत्र, मशीनरी और उपकरण की खरीद के लिए ऋण उपलब्धता बढ़ेगी, जिससे भारत में विनिर्माण और निर्यात क्षेत्र को काफी बढ़ावा मिलेगा।

<><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय के तहत बाल विकास परियोजना अधिकारी आई सी डी एस परियोजना, फरारगंज कार्यालय की ओर से पुरुषों की भागीदारी और गर्भावस्था के प्रथम एक हजार दिनों की पहल पर आधारित विभिन्न गतिविधियों के आयोजन किए जा रहे है। विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों पर आयोजित इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य बाल देखभाल और पोषण में पिताओं की भागीदारी और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए जीवन के पहले हजार दिनों के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम के दौरान कई गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें अन्नप्राशन समारोह, पिताओं के बीच आपसी सहयोग और साझा जिम्मेदारी को बढ़ावा देना, पापा की रसोई, DIY प्रतियोगिता, पोषण रिले रेस, और अन्य पारंपरिक कार्यक्रम शामिल थे। इन पहलों का लक्ष्य सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करना और माताओं व बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाना है। कार्यक्रम के कार्यान्वयन के दौरान क्षेत्र–स्तरीय परिणामों और सर्वोत्तम प्रथाओं का भी दस्तावेजीकरण किया गया है।

<><><><><><><>

पर्यावरण एवं वन विभाग में वन रेंजर के अट्ठाईस पदों पर भर्ती के लिए चयनित उम्मीदवारों की अंतिम योग्यता और प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है। उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र जल्द जारी कर दी जाएगी। लिखित परीक्षा के अंक पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने संपत्ति कर, जल शुल्क, बाजार किराया आदि के बकाया का भुगतान 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से करने को कहा है। निर्धारित तिथि तक भुगतान न करने पर परिषद अंडमान निकोबार द्वीपसमूह (नगरपालिका) विनियम तथा संबंधित उप–नियमों के तहत कार्रवाई करेगी। बकाया राशि एवं चालू मासिक जल शुल्क का भुगतान न करने पर व्यावसायिक एवं घरेलू जल कनेक्शन बंद कर दी जाएंगी। नगरपालिका परिषद द्वारा पहली अप्रैल से डिफॉल्टर उपभोक्ताओं के व्यावसायिक तथा घरेलू जल कनेक्शन काटने की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

<><><><><><><>

द्वीपों में नशीली दवाओं की तस्करी और मादक द्रव्यों के सेवन के खिलाफ अभियान चलाते हुए, एंटी–नारकोटिक्स पुलिस स्टेशन ने कल स्काउट हट जंक्शन के पास एक आरोपी को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में अवैध गांजा बरामद किया। पुलिस को मिली जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, एंटी–नारकोटिक्स पुलिस स्टेशन के थाना प्रभारी निरीक्षक के. बिनोज के नेतृत्व में एक टीम ने इस अभियान को अंजाम दिया। ऑपरेशन के दौरान, पुलिस टीम ने प्रेम नगर निवासी पच्चीस वर्षीय हबीउल्ला मंडल उर्फ रिंकू को रोककर उसके बैग की तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक दशमलव शून्य एक पांच किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। एनडीपीएस अधिनियम, उन्नीस सौ पचासी के तहत आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। यह पूरी कार्रवाई पुलिस उप–अधीक्षक (नारकोटिक्स) योगिता शर्मा की देखरेख में की गई।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार शतरंज एसोसिएशन की ओर से कल शाम शहीद द्वीप में 'स्ट्रीट चेस' का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत और राजस्व विभाग के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन शहीद द्वीप के थाना प्रभारी पी. जीवन ने किया। उन्होंने शतरंज की बिसात पर पहली चाल चलकर औपचारिक रूप से इस आयोजन की शुरुआत की। उन्होंने अपने संबोधन में शतरंज खेलने के लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह खेल नियोजन क्षमता और दूरदर्शिता को बढ़ाता है। यह जीवन में विचारों की स्पष्टता, एकाग्रता और बेहतर निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ावा देता है। इसमें सभी आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>